

*इस इमारत को देखकर लगता है मानो भगवान ने खुद इसे जमीन पर उतारा है। यह है थाइलैण्ड का वाट रोंग खुन, जिसे वाइट टैम्पल के नाम से जाना जाता है। यह मंदिर बौद्ध धर्म के प्रति एक इंसान के समर्पण का प्रतीक है। थाइलैण्ड के चियांग राई शहर के एक कलाकार, चालेरमचाई कोसितपिपात ने 1997 में इस मंदिर का डिज़ाइन बनाया तथा निर्माण शुरु करवाया था। थाइलैण्ड के कुल 30,000 मंदिरों में यह सबसे ज्यादा अनोखा है। एक दम झक सफेद यह मंदिर प्लास्टर ऑफ पेरिस का बना है। इसका निर्माण कार्य अभी भी चल रहा है और पूरा होने में अभी 50 साल और लगेंगे क्योंकि 2014 में आए भूकम्प में इसे काफी नुकसान हुआ था। एक सौ बीस स्वयंसेवक, जिनमें कलाकार, शिल्पकार एवं भवन निर्माता शामिल हैं, कोसितपिपात की सोच को आकार देने में लगे हैं। मंदिर का मुख्य आकर्षण है इसका हॉल। हाथी दांत जैसे रंग वाले इस हॉल में छोटे-छोटे शीशे लगे हैं। इसका रंग जहाँ, पवित्रता का प्रतीक है, वहीं, शीशे भगवान बुद्ध की बुद्धि और धम्म के प्रतीक हैं। मंदिर के मुख्य द्वार पर बतौर रक्षक दैत्यों की दो मूर्तियाँ लगाई गई हैं। मुख्य भवन तक जाने के रास्ते में एक छोटी सी झील है जिस पर एक पुल बना हुआ है। पुल के सामने के क्षेत्र में आसमान की ओर उठे कई हाथ बने हैं, जो तृष्णा का प्रतीक हैं। यह क्षेत्र इंसान की पीड़ा व नर्क की तकलीफों को दर्शाता है। पुल का नाम ''साइकिल ऑफ री बर्थ'' है। झील के समीप ही किन्नरों की दो मूर्तियां हैं। बौद्ध धर्म के अनुसार यह एक धार्मिक किरदार है जिसका आधा शरीर मानव व आधा शरीर पक्षी का है। मंदिर में कुल 9 भवन हैं जिनमें एक हॉल में बौद्ध धर्म के प्रतीक चिन्ह रखे हैं। एक मैडिटेशन हॉल है तथा भिक्षुओं के लिए आवास व आर्ट गैलरी भी है।*

# चौंप में विश्व के तीसरे सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम का उद्घाटन

## वीडियो कॉन्फ्रैंसिंग के माध्यम से हुआ शिलान्यास

- मुख्यमंत्री गहलोत ने बी.सी.सी.आई. अध्यक्ष सौरव गागुंली व सचिव जय शाह से राजस्थान को अन्तर्राष्ट्रीय मैचों की मेज़बानी, प्राथमिकता से देने की मांग की।
- बी.सी.सी.आई. अध्यक्ष सौरव गांगुली ने जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में रणजी तथा दिलीप ट्राफी के मैचों के दौरान बिताए गए समय को याद किया।

जयपुर, 5 फरवरी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में खेलों और खिलाडियों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रोत्साहन दे रही है। हमारा प्रयास है कि प्रदेश में खेलों का वातावरण तैयार हो और यहां की प्रतिभाएं देश-दुनिया में अपना परचम लहराएं। इसी उद्देश्य के साथ जयपुर के पास चौंप में विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टेडियम बनाया जा रहा है।

गहलोत शनिवार को मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से चौंप में बनने जा रहे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के शिलान्यास समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज का दिन राजस्थान के क्रिकेट जगत के लिए स्वर्णिम दिन है। प्रदेश के खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों का सपना पूरा होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन आरसीए अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी ने यह सपना देखा था।

उन्होंने बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह से राजस्थान को अंतर्राष्ट्रीय मैचों की मेजबानी प्राथमिकता से देने की मांग की। उन्होंने उम्मीद जताई कि राजस्थान के खेल प्रेमियों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के हिस्से में अधिक से अधिक अंतर्राष्ट्रीय मैच आएंगे। हाल ही में जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में 8 साल बाद आयोजित अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच का जिक्र करते हुए उन्होंने बीसीसीआई से राजस्थान को और अंतर्राष्ट्रीय मैच देने की मांग की ।

विधानसभा अध्यक्ष एवं आरसीए के मुख्य संरक्षक डॉ. सीपी जोशी ने कहा कि मुझे विश्वास है कि राज्य सरकार एवं बीसीसीआई के सहयोग से विश्व के तीसरे सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण आरसीए समय पर पूरा करेगा। इस स्टेडियम से आने वाले समय में प्रदेश के युवाओं को खेल के बेहतर अवसर मिलेंगे।

आरसीए अध्यक्ष वैभव गहलोत ने कहा कि चौंप में बन रहे अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम के प्रथम एवं द्वितीय चरण का कार्य समयबद्ध रूप से पूरा होगा और खेल प्रेमियों को यहां अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच देखने का मौका मिलेगा।

बीसीसीआई के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में रणजी तथा दिलीप ट्रॉफी के मैचों के दौरान बिताए गए समय को याद किया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नए स्टेडियम के निर्माण एवं राजस्थान में क्रिकेट को बढ़ावा देने में बीसीसीआई का पूरा सहयोग मिलेगा। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने कहा कि अहमदाबाद व मेलबर्न के बाद जयपुर के पास बन रहे विश्व के तीसरे सबसे बड़े स्टेडियम से राजस्थान में क्रिकेट को बढ़ावा मिलेगा।

इससे पहले मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों ने स्टेडियम के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में जन स्वास्थ्य एवं अभियान्त्रिकी मंत्री डॉ. महेश जोशी, बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, आरसीए के एडवाइजर जीएस संधु, आरसीए उपाध्यक्ष अमीन पठान, सचिव महेन्द्र शर्मा, कोषाध्यक्ष कृष्ण निमावत व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## 'प्लॉट नहीं...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

आंदोलन कर रहे भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष जले सिंह के अलावा रजनीश जैमन व जितेंद्र राठौड़ ने कहा कि ''बेटी को जब तक न्याय नहीं मिल जाता हम चुप नहीं बैठेंगे। जनता ने देख लिया कैसे पुलिस ने बार-बार बयान बदले हैं। अब तक पुलिस मामले का खुलासा नहीं कर सकी है। इस कारण जनता में रोष है। जबकि पूरे प्रदेश व देश में अलवर की मूकबधिर से हुई दरिंदगी का विरोध हुआ है। उसके बावजूद सरकार ने मामले को दबाने का प्रयास किया और इस प्रकरण की सीबीआई जांच भी शुरू नहीं कराई गई है।

# प्रदेश में नए करोना संक्रमितों की संख्या में कुछ और गिरावट आई

## राज्य में शनिवार को 5602 नए संक्रमित मिले, जबकि शुक्रवार को 5937 रोगी पाए गए थे

- राजधानी जयपुर में भी थोड़ी कमी के बाद 916 नए संक्रमित मिले हैं।
- प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में करोना से 19 और लोगों की मौत हुई है।

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 5 फरवरी। प्रदेश में शनिवार को भी करोना संक्रमितों की संख्या में थोड़ी और गिरावट आई है। इस दौरान राज्य में 5602 नए संक्रमित मिले है, जबकि 9 हजार से ज्यादा मरीज ठीक हुए हैं। इसके साथ ही राज्य में रिकवरी दर बढ़कर 95.12 फीसदी हो गई है, जबकि संक्रमण दर घटकर 11.40 प्रतिशत पर आ गई है। उधर राज्य में पिछले चौबीस घंटों में दस जिलों में करोना से 19 और लोगों की मौत हो गई है। प्रदेश में करोना संक्रमण के मामलों में लगातार गिरावट आ रही है। शनिवार को भी राज्य में 335 मामले कम आने के साथ ही 5602 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले शुक्रवार को 5937 रोगी पाए गए थे। इधर राजधानी जयपुर में भी आज संक्रमितों की संख्या में कुछ गिरावट आई है। इस दौरान जिले में 916 नए रोगी मिले हैं। इसके अलावा जोधपुर में 615, अलवर में 465, उदयपुर में 341, गंगानगर में 311, भीलवाड़ा में 257, अजमेर में 203, नागौर में 194, सीकर में 177, हनुमानगढ़ में 171, पाली में 158, कोटा में 138, बीकानेर में 134, चित्तौड़गढ़ में 115, भरतपुर में 111, राजसमंद में 103, बारां में 102, प्रतापगढ़ में 94, सिरोही में 86, बांसवाड़ा में 78, टोंक में 75, चूरू में 69, जैसलमेर में 68, दौसा में 63, धौलपुर में 61, डूंगरपुर व सवाईमाधोपुर में 58-58, बाड़मेर में 57, करौली में 49, बूंदी में 48, झालावाड़ में 45 और जालौर में 12 नए संक्रमित मिले हैं।

स्वास्थ विभाग के अनुसार राज्य में पिछले चौबीस घंटों में 9309 लोग ठीक हुए हैं। इसके साथ ही अब तक इस बीमारी से 11 लाख 80 हजार 158 संक्रमित स्वस्थ हो चुके हैं। इस बीच प्रदेश में रिकवरी बेहतर होने से लगातार एक्टिव केस कम हो रहे है। राज्य में फिलहाल 51 हजार 143 मरीजों का इलाज चल रहा है। इनमें सबसे ज्यादा 12 हजार 687 मामले जयपुर जिले में हैं। उधर राज्य में करोना से शुक्रवार को 19 लोगों की मौत हो गई है। इनमें जयपुर में 6, सिरोही में 3, बीकानेर व सीकर में 2-2 तथा बाड़मेर, भीलवाड़ा, जोधपुर, करौली, उदयपुर और पाली में 1-1 मरीज की और मौत हुई है। राज्य में अब तक इस बीमारी से 9372 लोगों की जान जा चुकी है।

# रीट परीक्षा के पेपर उचित दर पर उपलब्ध हैं, संपर्क करें ''राजीव गांधी स्टडी सर्किल''

## डोटासरा के निवास पर ''नाथी का बाड़ा'' लिखने के बाद युवा मोर्चा ने भरतपुर में लगवाए पोस्टर

- रीट पेपर लीक मामले में डोटासरा और सुभाष गर्ग हैं निशाने पर।

जयपुर, 5 फरवरी (का.प्र.)। रीट परीक्षा लीक मामले को लेकर भाजपा का आंदोलन जारी है और इस परीक्षा को रद्द कराने तथा इसकी सी.बी.आई. जांच की मांग को लेकर पार्टी के अलग-अलग मोर्चे आंदोलन कर रहे हैं। इसके साथ ही पूर्व शिक्षा मंत्री एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और राज्य मंत्री सुभाष गर्ग निशाने पर हैं। भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने दो दिन पहले जहां डोटासरा के जयपुर स्थित सरकारी आवास और सीकर स्थित निजी आवास पर ''नाथी का बाड़ा'' लिख दिया था, वहीं अब भाजपा की ओर से भरतपुर में मंत्री सुभाष गर्ग के निवास के आसपास के खंभों पर ''रीट परीक्षा के पेपर उचित दर पर उपलब्ध है। संपर्क करें-राजीव गांधी स्टडी सर्किल'' लिखे हुए पोस्टर चस्पा किए गए। नगर निगम ने इनकी जानकारी मिलते ही इन्हें हटवा दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष शैलेश सिंह ने इन पोस्टरों की जिम्मेदारी ली है।

रीट पेपर लीक का मामला सामने आने के बाद भाजपा ने इसके विरोध में गत एक सप्ताह से प्रदेश भर में अलग-अलग तरीकों से अपने मोर्चों के जरिए आंदोलन कर रखा है। भरतपुर में सुबह जब लोग उठे तो शहर में इस तरह के होर्डिंग और पोस्टर देख चर्चाएं शुरू हो गई। मामले को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष शैलेश सिंह ने जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि ''भाजपा युवा मोर्चा की तरफ से शहर में होर्डिंग लगाए गए हैं। प्रदेश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है। प्रदेश का युवा उम्मीद कर रहा है कि भाजपा इसका विरोध करे और रीट पेपर को निरस्त करवाने का काम करें। भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जयपुर में रीट पेपर को लेकर विरोध प्रदर्शन किया और कांग्रेस ने सभी कार्यकर्ताओं पर बर्बरता से लाठीचार्ज किया। जांच एजेंसी छोटी-छोटी मछलियों को पकड़ रही है। बड़े लोगों तक कोई आंच नहीं आ रही। भाजपा इस पेपर को निरस्त करवाने की इच्छुक है।''




*भाजपा कार्यकर्ताओं ने रीट पेपर घोटाले को लेकर राज्य सरकार के मंत्री सुभाष गर्ग के भरतपुर स्थित निवास के आसपास पोस्टर चिपकाए।*

# श्रीनगर में शनिवार को दो आतंकी मारे गये

- श्रीनगर में जकुरा इलाके में टी आर. एफ. के आतंकियों के साथ सुरक्षा बलों की मुठभेड़ हुई।

श्रीनगर, 5 फरवरी (वार्ता)। केंद्रशासित जम्मू कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में जकुरा इलाके में शनिवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के सहयोगी समूह द रेसिस्टेंस फ्रंट (टी.आर.एफ.) के दो स्थानीय आतंकवादी मारे गये।

आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के आधार पर सेना और पुलिस ने जकुरा इलाके में आज सुबह घेराबंदी और तलाश अभियान छेड़ा था। अभियान के दौरान सुरक्षा बलों की टीम ने लक्षित स्थल की ओर बढ़ना शुरू किया , तभी वहां छिपे आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई में गोलियां चलायी। दोनों पक्षों बीच मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये।

उन्होंने बताया कि मृत आतंकवादियों की पहचान कुलगाम निवासी इखलाक अहमद हाजम और पुलवामा के आदिल निसार डार के रूप में की गयी है और वे दोनों टी.आर.एफ. से जुड़े थे। इखलाक 18 जनवरी को कैमूह-यारीपोरा रोड (कुलगाम में) पर एक आई.ई.डी. विस्फोट में भी शामिल था।

# किरीट सोमैया पर हमला

## भाजपा नेता किरीट सोमैया पर कथित रूप से शिवसेना कार्यकर्ताओं ने हमला किया

- निगम परिसर में मौजूद शिवसैनिकों ने किरीट सोमैया के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर उन्हें काले झंडे दिखाये और उनका घेराव किया।

पुणे, 5 फरवरी (वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी के नेता किरीट सोमैया पर शनिवार को दोपहर कथित रूप से शिवसेना कार्यकर्ताओं ने हमला किया जब वह पुणे नगर निगम के मुख्य भवन के कार्यालय में प्रवेश कर रहे थे।

सोमैया अब संचेती अस्पताल में भर्ती हैं जहां किसी को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं है। निगम परिसर में पहले से मौजूद शिवसैनिकों ने उनके अंदर घुसते ही उनके खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। शिवसैनिकों ने सबसे पहले उन्हें काला झंडा दिखाया और सोमैया का घेराव किया।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल ने कहा कि यह शिवसेना की सरकार है, वे कुछ भी कर सकते हैं, लेकिन हम इस संस्कृति को बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस को तुरंत दोषियों की पहचान करनी चाहिए और उन सभी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करनी चाहिए।

संचेती अस्पताल के प्रबंध निदेशक डा. पराग संचेती ने संवाददाताओं से कहा कि हमने एक्सरे लिया है और आगे की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा, हमने उन्हें एक दिन के लिए निगरानी में रखा है और रविवार को उन्हें छुट्टी दे दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सोमैया का स्वास्थ्य स्थिर है।

पुणे के जंबू अस्पताल के भ्रष्टाचार का पर्दाफाश करने के लिए सोमैया पुणे आए हैं।

# लता मंगेशकर की हालत फिर नाजुक

मुंबई, 5 फरवरी (वार्ता)। भारतरत्न स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर की हालत फिर नाजुक हो गई है और उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया है। करोना संक्रमण के कारण स्वर कोकिला लता मंगेशकर को आठ जनवरी को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। बीच में उनकी तबीयत में सुधार हुआ था लेकिन आज दोबारा उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गयी। रिपोर्ट के अनुसार लता मंगेशकर का हाल जानने के लिए महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे आज अस्पताल पहुंचे थे और थोड़ी देर पहले मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने भी अस्पताल जाकर उनका हालचाल पूछा।

# अमेरिका चीन की...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

इंटैलिजैंस कमेटी के सदस्य एवं आरकन्सा से रिपब्लिकन पार्टी के सीनेटर, टॉम कॉटन ने कहा कि, यह गेम्स एथलीट्स और कोचों के लिए सुरक्षा जोखिम हैं, क्योंकि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सी.सी.पी.) द्वारा उनकी गुप्तचरी करवा सकती है या उनका अपहरण करवा सकती है। उन्होंने यह चिंता भी जताई कि चाइनीज़ कम्युनिस्ट पार्टी कोविड-19 जांच के बहाने खिलाड़ियों और कोचों के डी.एन.ए. सैम्पल्स भी लिए जा सकते है, जो उसके इन्टैलीजैंस उद्देश्यों की पूर्ति करता है।

सीनेट की फॉरेन अफेयर्स कमेटी के रिपब्लिकन सदस्यों ने बीजिंग में मौजूद अमेरिकी एथलीट्स की सुरक्षा को लेकर पिछले सप्ताह चिंता व्यक्त करते हुए विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से कहा था कि, वे अपने एथलीट्स को चीन के मानवाधिकार उल्लंघनों के बारे में बीफ्र करें।

ब्लिंकन को लिखे एक पत्र में, सीनेटर्स ने कहा था कि, यदि एथलीट्स चीन के खराब मानवाधिकार रिकॉर्ड के बारे में बोलेंगे तो वे मुसीबत में पड़ जाएंगे।

चीन ने अमेरिका और उसके सहयोगियों के इस राजनीतिक रूख को खारिज करने में तत्परता दिखाई और अमेरिका की भांति उसने भी धमकी देकर अपने इरादे स्पष्ट कर दिए।

बीजिंग 2022 गेम्स की प्रवक्ता यान जिआरोंग ने कहा कि, ''खेलों व ओलम्पिक्स को राजनीतिक औजार के रूप में इस्तेमाल नहीं करना चाहिए तथा खेलों के राजनीतिकरण से विभाजन ही पैदा होगा।

खेलों का राजनीतिकरण ''एकजुटता'' की भावना के खिलाफ है और इसका एकमात्र परिणाम ''विभाजन'' होगा।''

अमेरिका ने अपने एथलीट्स को चीन के कथित मानवाधिकार उल्लंघनों के बारे में ना बोलने की हिदायत देकर यह स्पष्ट कर दिया है कि, वह इस मुद्दे पर चीन से उलझना नहीं चाहता और कम से कम इन खेलों की समाप्ति तक तो नहीं।

# सात लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने डुबकी लगायी

## क्या हुआ कोविड प्रोटोकॉल का!

- माघ मेले में घने कोहरे और तेज सर्द हवाओं के बीच श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई।
- संगम में स्नान करते समय बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौन रहे तो कुछ ने हर-हर महादेव, जय गंगे, और ओम नमः शिवाय का जाप किया।

प्रयागराज, 5 फरवरी (वार्ता)। दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम कुम्भ मेले के चौथे स्नान पर्व बसंत पंचमी के मौके पर शनिवार को अपराह्न 12 बजे तक सात लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पतित पावनी गंगा, श्यामल यमुना और अन्तः सलिला स्वरूप सरस्वती की त्रिवेणी में स्नान किया।

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार बसंत पंचमी का मुहूर्त शनिवार सुबह 6.43 बजे से आरंभ होकर रविवार को सुबह 6.44 बजे तक रहेगा। उत्तर भद्रपद नक्षत्र, सिद्धि योग के अलावा मकर राशि में सोम, बुध और शनि का संचरण होने से स्नान, दान एवं पूजन का महत्व बढ़ गया है। बसंत पंचमी की पुण्य बेला में स्नान करने के लिए काफी श्रद्धालु मौनी अमावस्या से मेला क्षेत्र में परिचित संतो और कल्पवासियों के शिविर में टिके रहे।

मेला क्षेत्र में स्थापित कंट्रोल रूम से मिले आंकड़ों के अनुसार 12 बजे तक करीब सात लाख लोगों ने संगम में आस्था की डुबकी लगायी। प्रशासन के लगातार मास्क लगाने की चेतावनी के बावजूद बड़ी संख्या में लोग मेलाक्षेत्र में बिना मास्क के भ्रमण कर रहे हैं।

माघ मेले में घने कोहरे और तेज सर्द हवाओं के बीच दूर दराज से आए श्रद्धालु संगम की पवित्र धारा में डुबकी लगा रहे हैं। आस-पास के स्नान घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के लिए सभी पांच सेक्टरों में बने नौ स्नान घाटों पर तांता लगा है। सबसे लम्बा घाट संगम नोज को बनाया गया है। कल्पवासियों के लिए झूंसी छोर पर पंटून पुलों के पास घाट बनाए गए हैं। श्रद्धालुओं की आस्था को करोना का नया वेरिएंट ओमिक्रॉन संक्रमण भी डिगा नहीं पाया।

संगम में स्नान करते समय बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौन रहे तो कुछ हर-हर महादेव, जय गंगे, और ओम नमः शिवाय का जाप करते रहे। आस्था की मौन डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालुओं ने मां गंगा का विधि विधान से पूजन किया एवं उनको दुग्ध अर्पित किया। सूर्य देव को जल देते हुए परिवार की सुख, समृद्धि एवं स्वास्थ्य की कामना किया। मेला में श्रद्धालु ऊंच-नीच, अमीर-गरीब और स्वस्थ- रूग्ण की दीवार ढहा एक साथ त्रिवेणी में डुबकी लगा रहे हैं। स्नान के बाद श्रद्धालु घाट पर बैठे तीर्थ पुरोहितों को दान देकर पास में बड़े मंदिर जाकर हनुमान जी का दर्शन कर रहे हैं। बहुत से श्रद्धालुओं ने अक्षय वट का भी दर्शन किया।

# 20 दिन पहले...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

डायरैक्टर आरएन मीणा ने बताया कि बाघ तक पहुंचने के लिए वन विभाग के अमले को ट्रैप कैमरे उपलब्ध कराए गए हैं। इसके साथ ही स्थानीय स्तर पर हैल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए है। इसके लिए अलग-अलग कंट्रोल रूम भी बनाये गये हैं।

# क्या भाजपा...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अगर ऐसा होता है तो भाजपा अपने शहरी वोटरों का रूख कांग्रेस की ओर मोड़ सकती है, जैसा पिछले विधान सभा चुनावों में हुआ था। सारा सट्टा चुनाव में आम आदमी पार्टी की जीत के पक्ष में था, लेकिन परिणामों में कांग्रेस की जीत सामने आई।

इसके साथ ही, पंजाब के सभी शीर्ष एवं प्रतिष्ठित परिवार नवजोत सिद्धू के खिलाफ लामबन्द हो गये हैं तथा उनकी हार सुनिश्चित करने की कोशिश में हैं।

इनमें से मुख्य परिवार हैं- बादल, मजीठिया, कैप्टन अमरिन्दर सिंह, सुनील जाखड़ तथा चरणजीत सिंह चन्नी। सिद्धू के खिलाफ मजीठिया लडेंगे तथा ये सब नेता मजीठिया को सहयोग-समर्थन देंगे। सिद्धू की हार से ज्यादातर पार्टियाँ राहत की साँस लेंगी, जिनमें कांग्रेस नेतृत्व भी शामिल है, जो सिद्धू के बड़बोलेपन से त्रस्त है तथा इसीलिये नेतृत्व एक कमजोर मुख्यमंत्री पसंद करता है, जो नमनशील हो तथा उसके कहने के अनुसार काम करे।

कुल मिलाकर, पंजाब में अब घमासान स्थिति शुरू हो रही है।

# क्या यू.पी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

से 400 सीटें मिलने वाली हैं। लेकिन भाजपा भी हर तरह से पूरे उत्साह में है तथा बढ़-चढ़कर सत्ता में बने रहने के लम्बे-चौड़े दावे कर रही है।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश का व्यापक दौरा किया है, जहाँ भाजपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज कहा कि, सालों तक भारत की उपेक्षा करते रहने के बाद, विश्व अब जाकर भारत को गंभीरता से ले रहा है। उत्तर प्रदेश के बलदेव कस्बे में प्रचार के दौरान उन्होंने कहा, ''अगर हम कुछ कहते हैं, तो दुनिया उसे ध्यान से सुनती है। आपने देखा कि, उरी तथा पुलवामा में हुये हमलों के बाद, हमारी सेना ने किस तरह से पाकिस्तानी जमीन पर आतंकियों को नेस्तनाबूत कर दिया था। (ऐसा करके) हमने कड़ा संदेश दिया था।''

पश्चिम उत्तर प्रदेश के हापुड़ नगर में प्रचार करते हुये, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने विपक्ष पर आरोप लगाया कि, उसने राष्ट्र के विकास की अनदेखी की है, क्योंकि विपक्ष को केवल अपने परिवारों की चिन्ता थी। समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुये, नड्डा ने कहा कि, किसी भी गरीब आदमी के पास भोजन की कमी नहीं है।

पहले चरण में, भाजपा मुश्किल स्थिति में है तथा यह असंभव दिखाई दे रहा है कि, वह 2017 के अपने प्रदर्शन को दोहरा पायेगी।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908